सीबीएसई/परीक्षा नियंत्रक/टर्म-I/आईपीएस/2022 **दिनांक : 19.05.2022**

सेवा में

प्रधानाचार्य/स्कूल के प्रमुख/केंद्र अधीक्षक,
परीक्षा केंद्र, टर्म-I परीक्षा, सत्र 2021-22

विषय :- टर्म-I 2022 परीक्षा के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) संबंधी

प्रिय महोदया/महोदय,

यह उपर्युक्त विषय पर दिनांक 10.05.2022 के पत्र संख्या सीबीएसई/परीक्षा नियंत्रक/टर्म-I/आईपीएस/2022 के क्रम में है। इस संबंध में निम्नलिखित सूचित किया जाता है:

1. आईपीएस प्रणाली को अपग्रेड किया गया है जिसमें ओएमआर शीट की गणना हो रही है।
2. विवरण भरने से पहले, यह सराहनीय होगा यदि विभिन्न कार्यों/उत्तरदायित्वों में शामिल पदाधिकारियों की सूची संकलित की जाए, और उसके बाद प्रत्येक पदाधिकारी हेतु प्रत्येक उत्तरदायित्व के लिए उपयुक्त तिथि भी नोट की जाती है और उसके बाद आईपीएस प्रणाली में आँकड़े सही ढंग से भरे जाते हैं।
3. मूल्यांकन के लिए पारिश्रमिक की गणना के लिए जो नया कदम शुरू किया गया है, कुल पारिश्रमिक की गणना के लिए मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा मूल्यांकन किए गए ओएमआर की सही संख्या भरी जाए।

4. विभिन्न विद्यालयों से नियुक्त अन्वीक्षकों/मूल्यांकनकर्ताओं के विवरण भी अब नियमानुसार भरे जा सकते हैं।
5. एक बार प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, भुगतान स्वचालित तरीके से निर्गत किया जाएगा, हालांकि, यह अत्यंत आवश्यक है कि बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और लाभार्थी का नाम आदि 100% सही होने चाहिएं।
6. विदेश में स्थित स्कूल के मामले में, उन्हें भी आईपीएस प्रणाली में सभी विवरण भरने होंगे, हालांकि, उनका भुगतान स्विफ्ट (SWIFT) सुविधा का उपयोग करके अलग से किया जाएगा।

कृपया अनुपालन हेतु उपर्युक्त नोट कर लें।

भवदीय

हस्ता./-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेब एडमिन को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु